# आकाशवाणी शिमला
## 09.10.2025/प्रादेशिक समाचार/19.45 बजे

**मुख्य समाचार''**

1. राज्य सरकार ने आपदा के पुर्नवास कार्यों का हवाला देते हुए दिसंबर में प्रस्तावित पंचायत चुनाव किए स्थगित–अधिसूचना जारी।
2. भाजपा का आरोप–कांग्रेस सरकार ने हार के डर से स्थगित किए पंचायत चुनाव।
3. मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–अगले सत्र से प्रदेश में 100 सीबीएसई स्कूल होंगे शुरू।
4. सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने पूरक पोषाहार की दरों में वृद्धि का केन्द्र से किया अनुरोध।

और

5. तंबाबू मुक्त युवा अभियान का तीसरा चरण देशभर में शुरू–60 दिन के अभियान में होंगे कई जागरूकता कार्यक्रम।

**पंचायत चुनाव स्थगित**

प्रदेश में दिसंबर महीने में प्रस्तावित पंचायत चुनाव को राज्य सरकार ने स्थगित कर दिया है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक आपदा के बाद चल रहे पुर्नवास कार्यों के पूरा होने के बाद ही चुनाव करवाए जाएंगे। मुख्य सचिव ने आपदा प्रबंधन अधिनियम की शक्तियों का प्रयोग करते हुए पंचायतीराज चुनाव को लोगों की सुरक्षा व आपदा के बाद बनी स्थिति का हवाला देते हुए चुनाव को स्थगित कर दिया है। अधिसूचना में मंडी, हमीरपुर, कांगड़ा और शिमला के उपायुक्तों की तरफ से पंचायतीराज विभाग के सचिव को लिखे गए पत्र का हवाला दिया गया है।

**भाजपा**

इस बीच पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि प्रदेश सरकार आपदा की आड़ में पंचायत चुनाव नहीं करवा रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि सरकार को चुनाव में कांग्रेस की हार सामने दिखाई दे रही इसलिए पहले नगर निगम और नगर निकाय के चुनाव से किनारा किया और अब पंचायत चुनाव को भी रोक दिया है। उन्होंने कहा कि आपदा के नाम पर पहले उपायुक्तों से पत्र लिखवाए गए और तत्काल चुनाव टाल दिए गए जो सरकार द्वारा पहले से ही तय किया गया था। वरिष्ठ भाजपा नेता व विधायक त्रिलोक जमवाल ने कहा है कि राज्य सरकार पंचायतीराज चुनावों से भागते हुए दिखाई दे रही है। त्रिलोक जमवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार अपने तीन साल के कार्यकाल की नाकामियों और पंचायत चुनाव में हार के डर से इन चुनाव को टालना चाहती है।

**सुक्खू**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि अगले शैक्षणिक सत्र से प्रथम चरण में प्रदेश भर में 100 स्कूलों को सीबीएसई पाठ्यक्रम पर संचालित किया जाएगा। आज शिमला में शिक्षा विभाग की

एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने शिक्षा विभाग को इस संबंध में सभी तैयारियां समय सीमा के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीएसई पैटर्न आधारित स्कूलों का अलग रंग होगा और यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों की अलग रंग की वर्दी होगी। इन स्कूलों में स्मार्ट कक्षाओं के साथ–साथ मैस का प्रबंध भी किया जाएगा और विद्यार्थियों को पौष्टिक भोजन प्रदान किया जाएगा। शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि प्रदेश में सीबीएसई के मापदंड पूरा करने वाले अब तक 86 स्कूलों की पहचान की जा चुकी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शेष स्कूलों में सीबीएसई के मापदंड जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल बनाने की समीक्षा भी की और अधिकारियों को इसमें तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर और शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

**<u>शांडिल</u>**

केंद्रीय महिला व बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के मंत्रियों व अधिकारियों के साथ मंत्रालय की योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में प्रदेश के सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने केंद्र से पूरक पोषाहार की दरों में वृद्धि का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार को इस वित्त वर्ष में आंगनबाड़ी सेवा योजना के तहत छः अक्तूबर को 66 करोड़ रूपए की राशि प्राप्त हुई है जबकि केंद्र सरकार के हिस्से के एक सौ 13 करोड़ रूपए राज्य सरकार के वित्त कोष से खर्च किए जा चुके हैं।

**<u>जगत नेगी</u>**

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज किन्नौर जिला के रकछम गांव में 80 लाख रूपए की लागत से बने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के भवन और 27 लाख रूपए की लागत से निर्मित पशु औषधालय भवन का उदघाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने 44 लाख रूपए की लागत से बनने वाले बौद्ध सामुदायिक भवन का शिलान्यास भी किया। इस दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सीमांत व दुर्गम क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और पशुपालन जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुदृढ करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

**<u>अनुप्रिया तंबाकू</u>**

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने आज नई दिल्ली में तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण का शुभारंभ किया। साठ दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू के सेवन से बचने, इसे छोड़ने की इच्छा रखने वालों का समर्थन करने और स्कूलों व उच्च शिक्षण संस्थानों में स्वास्थ्य तथा कल्याण की एक मज़बूत संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शिक्षित और सशक्त बनाना है।

**<u>तंबाकू मुक्त</u>**

इधर प्रदेश में भी तंबाकू मुक्त युवा अभियान का तीसरा चरण आज से शुरू हो गया है। चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने आज जिला स्तरीय इस अभियान का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि तंबाकू मुक्त अभियान के तहत जिले में 8 दिसंबर तक पूर्व चयनित 30 जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। मुकेश रेपसवाल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य युवाओं को तंबाकू व अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे जागरूक करना है।

**माई भारत**

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम व खेल मंत्रालय ने माई भारत के माध्यम से राष्ट्रीय एकता और युवा जागरूकता के उददेश्य से एक ऐतिहासिक पहल शुरू की है। ये राष्ट्रव्यापी अभियान लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती को समर्पित है। चंबा में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा समन्वयक विवेक कुमार ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत 31 अक्तूबर से 25 नवम्बर तक देश भर के सभी जिलों में पद यात्राएं आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि इन यात्राओं से पहले स्कूल व कॉलेजों में निबंध लेखन, सरदार पटेल के जीवन पर गोष्ठियां और नुक्कड़ नाटक जैसी गतिविधियां भी होंगी।

उधर इस अभियान के तहत कांगड़ा जिला में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए मेरा युवा भारत के उपनिदेशक ध्रुव डोगरा ने कहा कि इस दौरान सरदार पटेल के योगदान व राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका और राष्ट्रीय एकता के संदेश को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।